| |
|---|
| दिनांक 28.09.2025 |
| मिशन शक्ति प्रेस विज्ञप्ति 03/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**सुरक्षित महिला, सशक्त प्रदेशः मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद बागपत में विगत 10 वर्षों में जेल से रिहा हुए दुष्कर्म/छेड़खानी एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराधों के अभियुक्तों को थाने बुला कर महिला सम्बन्धित अपराध न करने की शपथ दिलाई गयी**

**मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के क्रम में **पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्णा** के द्वारा प्रदेश भर में **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के अंतर्गत बच्चियों/बालिकाओं के विरूद्ध अपराधों में संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी, गुमशुदा/भटके हुये बच्चों/बालिकाओं/महिलाओं की बरामदगी एवं आपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी करते हुये शीघ्रातिशीघ्र कठोर सजा दिलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

जिसके अनुपालन में जनपद बागपत पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सुरक्षा एवं सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चला कर जनपद के समस्त थानों पर **विगत 10 वर्षों में जेल से रिहा हुए दुष्कर्म/छेड़खानी एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराधों के कुल 1199 अभियुक्तों को थाने पर बुलाकर मिशन शक्ति टीमों द्वारा जागरूक करते हुए अपराध नही करने एवं महिलाओं के प्रति सम्मानजनक एवं सभ्य व्यवहार करने की शपथ दिलायी** गयी।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों द्वारा **महिला सुरक्षा से सम्बन्धित प्रावधानों एवं कानूनों की जानकारी भी दी गई तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु सभी को प्रेरित** किया गया।

**"मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत आज जनपद बागपत में गत 10 वर्षो में जेल से छुटे हुए दुष्कर्म/छेड़खानी एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराध के कुल 1199 अभियुक्तों को थाने बुलाकर भविष्य में किसी भी प्रकार की महिला सम्बन्धित अपराध न करने एवं महिलाओं का सम्मान करने की शपथ दिलाई गयी और उनको हिदायत दी गयी कि भविष्य में यदि ऐसा कार्य करते है तो उनके विरूद्ध वैधानिक रूप से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।"**

**पुलिस अधीक्षक**
**बागपत**


थाना रमाला जनपद-बागपत
WIRES & CABLES
AKALMAND BANO, SAHI CHUNO.
थाना रमाला जनपद-बागपत
मो. 9454402967
थाना रमाला
जनसुनवाई


थाना बालैनी जनपद-बागपत
मिशन शक्ति केन्द्र
थाना-बालैनी


KABEL
WIRES & CABLES
AKALMAND BANO,
SAHI CHUNO.


कार्यालय प्रभारी निरीक्षक खेकड़ा
जनपद-बागपत
(N.G.O)



कोतवाली दोघट
जनपद-बागपत
जन सुनवाई डेस्क
थाना दोघट
जनपद बागपत
M- 9454402965




उत्तर प्रदेश पुलिस
थाना छपरौली जनपद-बागपत
मो. 9454402964
WIRES & CABLES
AKALMAND BANO,
SAHI CHUNO.
छेड़खानी
से परेशान होने पर
तुरन्त कॉल करें
मिशन शक्ति

| दिनांक 28.09.2025 |
| --- |
| मिशन शक्ति प्रेस विज्ञप्ति 04 / 2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>सुरक्षित महिला, सशक्त प्रदेशः मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के दृष्टिगत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन</u>**

**मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता एवं अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के क्रम में **पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्णा** के द्वारा प्रदेश भर में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, हेल्प लाइन सेवाओं के प्रचार-प्रसार, बच्चियों/बालिकाओं के विरूद्ध अपराधों में संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी, गुमशुदा/भटके हुये बच्चों/बालिकाओं/महिलाओं की बरामदगी एवं आपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी करते हुये शीघ्रातिशीध्र कठोर सजा दिलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में कमिश्नरेट लखनऊ, जनपद अमरोहा एवं जनपद ललितपुर द्वारा मैराथन, "Run_For_Empowerment" कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया गया।

**<u>कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन</u>**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में जनपद के 54 थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु विशेष टीमें तैनात की गई हैं।


आज दिनांक 29 सितंबर, 2025 को **सुरक्षित नारी, सशक्त भारत के संकल्प के साथ** "महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति लखनऊ पुलिस की प्रतिबद्धता को एक नई दिशा देते हुए **कमिश्नरेट लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन, आईट.ी चौराहा, लखनऊ से केस्टेडियम तक सिंह बाबू .डी. -एवं थाना पीजीआई क्षेत्र के सेक्टर08 वृन्दावन योजना से मैराथन प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन की 312 रिक्रूट महिला आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त, महिला एवं अपराध, सुश्री सौम्या पाण्डेय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, **"महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि लखनऊ पुलिस का दृढ़ वचन है। ऐसे आयोजन न केवल स्वास्थ्य और एकजुटता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी फैलाते हैं।"**


ST. MARY'S DAY COLLEGE
सशक्त नारी-समृद्ध प्रदेश
शुभारंभ
मिशन शक्ति केन्द्र
मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0
शक्ति
पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ


START







<u>**जनपद अमरोहा द्वारा "Run  For  Empowerment" कार्यक्रम का आयोजन**</u>

अमरोहा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के अन्तर्गत "Run_For_Empowerment" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह दौड़ पुलिस लाइन मण्डी समिति, अमरोहा से प्रारम्भ होकर मिनी स्टेडियम, गांधी मूर्ति तक की गई। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों की 400 से अधिक छात्राओं एवं पुलिस कर्मियों ने प्रतिभाग किया  और समाज को महिला सुरक्षा का सशक्त संदेश दिया।

प्रतिभागियों ने "नारी सुरक्षा – नारी सम्मान, बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण" जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संचार किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद ने कहा कि **"महिला सुरक्षा व सम्मान केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। मिशन शक्ति का लक्ष्य है कि महिलाओं को हर स्तर पर सुरक्षित वातावरण मिले और वे निर्भीक होकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों। अमरोहा पुलिस सदैव महिलाओं की सुरक्षा और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।"**

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुलिस अधीक्षक अमरोहा द्वारा नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

बालिकाओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया, **"जिसमें बाल विवाह एक अपराध है का संदेश देकर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया"**


MISSION SHAKTI 5.0
मिशन
शक्ति
" THERE IS NO FORCE
ORE POWERFUL THAN
WOMAN DETERMINED
TO RISE "
/ @amrohapolice


MISSION SHAKTI 5.0
RUN FOR
MPOWERMENT
/ @amrohapolice
START





<u>जनपद ललितपुर द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन</u>

**जनपद ललितपुर द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण व जागरूकता** हेतु आज दिनांक 26.09.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर से महिला पुलिस कर्मी/थाना पुलिस बल/रिक्रूट की रैली का आयोजन किया गया।

उक्त रैली में महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण/समस्त थाना पुलिस बल/रिक्रूट आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली के दौरान छात्राओं ने स्लोगन पढ़ते हुए आम जनमानस को **यह संदेश दिया कि नारी सबला है, अबला नहीं।** उन्होंने कहा कि नारी जीवन का आधार है और किसी से कम नहीं है। रैली का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था।

यह रैली पुलिस लाइन्स ललितपुर से प्रारम्भ होकर वर्णी चौराहा, तुवन चौराहा, घण्टाघर, सावरकर चौक, आजादचौक, नदीपुरा, चौबयाना,रावतयाना, महावीरपुरा, अजीतापुरा, जेल चौराहा, घुसयाना चुंगी, अभिलाषा पैट्रोल पम्प चौराहा, सदनशाह, कलैक्ट्रेट चौराहा से होते हुए वापस पुलिस लाइन्स, ललितपुर में समाप्त हुई। उक्त जागरूकता रैली में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण द्वारा उपस्थित रहकर रैली में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।*


रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर
पुलिस
UP32DG6757


POLICE


मिशन नारी
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
शान हो
सम्मान हो
अभिमान हो
नारी एक रूप अनेक
जनपद–

| दिनांक 28.09.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 41/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में आयोजित UP International Trade Show -3 Edition में उ0प्र0 पुलिस की स्टॉल को मिला पुरस्कार**

**उ0प्र0 सरकार एवं India Exposition Mart द्वारा संयुक्त रुप से गौतम बुद्ध नगर में UP International Trade Show 2025 तृतीय संस्करण का आयोजन किया गया।**

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री राजीव कृष्णा** के निर्देशन में उक्त ट्रेड शो के हॉल नम्बर 04 में उ0प्र0 पुलिस द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के सन्दर्भ में पुलिस की विभिन्न इकाइयों का संयुक्त स्टॉल का प्रदर्शन किया गया।

आयोजकों द्वारा उक्त ट्रेड शो के सभी 15 हॉल में लगाई गई स्टॉल में से स्टॉल की साइज, उसका सेटअप, वहां के माहौल तथा स्टॉल पर आने वाले लोगों की संख्या के आधार पर प्रत्येक हॉल में प्रथम 03 स्टॉल को पुरस्कृत किया गया। ट्रेड शो के हॉल नम्बर 4 में लगाई गई उत्तर प्रदेश पुलिस की स्टॉल को पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

दिनांक 28.09.2024 को मा0 कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकासनिर्यात संवर्धन एनआरआई निवेश प्रोत्साहन श्री नंदी गोपाल गुप्ता (नंदी) एवं मा0 कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 श्री राकेश सचान द्वारा पुलिस अधीक्षक UP-112 श्रीमती निधि सोनकर को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव उ0प्र0 सरकार, खेल एवं युवा कल्याण/एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन/खादी एवं ग्रामोद्योग/व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, श्री आलोक कुमार तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




ORGANISED BY
UP POLICE
In Honour of Your Commitment & Contribution to the Success of
UP INTERNATIONAL TRADE SHOW
Edition
INNOVATE • INTEGRATE • INTERNATIONALIZE
ULTIMATE SOURCING BEGINS HERE

| |
|---|
| दिनांक 28.09.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 42/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद हाथरस/थाना सादाबाद</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 27.09.2025 को थाना सादाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सादाबाद रोड से सलेमपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद हाशरस, मथुरा, कमिश्नरेट आगरा व राजस्थान प्रान्त के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 18 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सादाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सादाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–दीपक उर्फ दीपू निवासी लौह करेरा थाना सिकन्दरा कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

**जनपद हरदोई/थाना अतरौली**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 28.09.2025 को थाना अतरौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मानपुर नहर पटरी के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सर्वेश उर्फ भोपू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना अतरौली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना अतरौली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सर्वेश उर्फ भोपू निवासी ग्राम भेरका थाना अतरौली जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद कौशाम्बी/थाना पिपरी

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 27.09.2025 की रात्रि थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर काठ गांव तिराहा से बलहेपुर के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त किशन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना पिपरी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पिपरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—किशन निवासी मंदरी थाना पुरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल।

————————